जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2018/398 दिनांक : 23.04.2018

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

आवश्यक सूचना

विषयः- स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा मई/जून-2018 हेतु प्रोजेक्ट (VIVA-VOCE) कार्य के मूल्यांकन बावत् निर्देश।

महोदय/महोदया,

संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि, सभी महाविद्यालयों में विज्ञान संकाय/कला संकाय के अंतर्गत विभिन्न विषयों में बाह्य परीक्षक प्रायोगिक कार्य हेतु विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर स्तर पर नियुक्त कर उनकी जानकारी महाविद्यालय को उपलब्ध करा दी गई है।

इस तारतम्य में लेख है कि, आप अपने महाविद्यालय में उन विषयों में प्रोजेक्ट कार्यों का मूल्यांकन उक्त नियुक्त बाह्य परीक्षकों से कराकर उनके अंक विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। **जैसे-रसायन शास्त्र में नियुक्त बाह्य परीक्षक के द्वारा रसायन शास्त्र विषय के प्रोजेक्ट कार्य का मूल्यांकन कराया जावे।**

कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय में जिन विषयों में प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त नहीं किये जाते है, उनके प्रोजक्ट कार्यो के मूल्यांकन हेतु आप अग्रणी महाविद्यालय/उत्कृष्ट महाविद्यालय के प्राचार्य से सम्पर्क स्थापित कर प्रोजेक्ट कार्य के मूल्यांकन हेतु बाह्य परीक्षक की नियुक्ति करायें।

शासन के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट कार्य को एक प्रश्न-पत्र की तरह मान्य कर उसके लिये कुल पूर्णांक 100 अंक एवं न्यूनतम 40 अंक निधारित किये गये है।

आपसे अनुरोध है कि, आप दिनांक 20.05.2018 तक अनिवार्य रूप से प्रोजेक्ट कार्य के मूल्यांकन को सम्पादित करावें। **प्रोजेक्ट परीक्षा (VIVA-VOCE) के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पर अपडेट किये जाने हेतु पृथक से सूचना शीघ्र ही जारी की जावेगी।**

उक्त संबध में आपेक्षा है कि, परीक्षा जैसे अत्यावशक कार्य में सहयोग प्रदान करें तथा परीक्षा कार्य को समयावधि में पूर्ण कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. संपादक महोदय,...की ओर इस निवेदन के साथ कि, वे अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. उप/सहा0 कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
6. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

उप कुलसचिव (गोपनीय)